शुक्रवार
20 सितम्बर 2024



पृष्ठ 4
**आपकी नाक बताती है सेहत का हाल, गंभीर..**



पृष्ठ 5
**भोजपुरी अदाकारा नीलम गिरी ने देसी..**



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 223
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

जो सही है उसे करने के लिए समय हमेशा सही होता है
– मार्टिन लूथर किंग जूनियर

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# 1094 कनिष्ठ अभियन्ताओं को प्रदान किये गये नियुक्ति पत्र

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल उपस्थिति में 1094 कनिष्ठ अभियन्तों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल उपस्थिति में उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा, 2023 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में चयनित 1094 कनिष्ठ अभियन्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। नींबूवाला, गढ़ी कैण्ट स्थित संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचन्द अग्रवाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल एवं विधायक श्रीमती सविता कपूर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कनिष्ठ अभियन्ता पद के लिए चयनित हुए अभ्यर्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया। योगेश कड़ाकोटी ने कहा कि राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता आयी है। यह भर्ती प्रक्रिया काफी कम समय में पूर्ण हुई है। उन्होंने विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करने



वाले युवाओं को संदेश दिया कि कड़ी मेहनत और खुद पर विश्वास रखें। राज्य सरकार द्वारा जिस तेजी से भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण की जा रही हैं, इससे युवाओं में नई आशा जगी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चयनित सभी कनिष्ठ अभियन्ताओं को बधाई देते हुए कहा

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से किया प्रतिभाग

कि आज आपके जीवन का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। अपने माता-पिता गुरूओं और ईश्वर की कृपा से सभी को देवभूमि उत्तराखण्ड में सेवा करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज जिन 1094 अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिली है, इनसे विभागों को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीक का जिस तेजी से विस्तार हो रहा है, उस हिसाब से नियमित अपडेट रहें। उन्होंने कहा कि सभी पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें, इसके लिए कार्यक्षेत्र में नियमित दिनचर्या बनाना जरूरी है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सेवा के दौरान अनेक लोगों से मिलने का मौका मिलेगा,

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# अवैध शराब का गोदाम संचालित करने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। बाहरी राज्यों से तस्करी कर नेहरु कालोनी क्षेत्र में अवैध शराब का गोदाम संचालित करने वाले तीन शराब तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से 30 पेटी अंग्रेजी शराब, भारी मात्रा में अन्य सामान व एक ट्रक भी बरामद किया गया है। हालांकि मामले में एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है। आरोपी बाहरी प्रदेशों से अवैध शराब की तस्करी कर उस पर उतराखण्ड प्रदेश के स्टीकर व मोनोग्राम लगाकर उतराखण्ड सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे थे।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना नेहरू कालोनी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर अवैध शराब की सप्लाई हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने



क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस ने साकेत काँलोनी अजबपुर में एक यूटीलिटी वाहन को रोका और चैक किया तो उसमें रखी 15 पेटी अवैध शराब मैकडावल बरामद हुई। पूछताछ करने पर चालक द्वारा बताया गया कि उक्त शराब की पेटियो को वह साकेत काँलोनी स्थित एक मकान से लाया है, जिस पर पुलिस टीम ने आरोपी द्वारा बताये गये मकान की घेराबन्दी कर छापेमारी की गयी तो मकान में

▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# 2026 तक नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा: शाह

बस्तर । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। उन्होंने माओवादियों से हिंसा छोड़ने, हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने की भी अपील की। नक्सली हिंसा के 55 पीड़ितों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, हम इस देश से नक्सलवाद और नक्सलवाद के विचार को उखाड़ फेंकेंगे और शांति स्थापित करेंगे। छत्तीसगढ़ बस्तर में नक्सल प्रभावित और पीड़ित लोगों से मिलने के बाद अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार बस्तर के 4 जिलों को छोड़कर पूरे देश में नक्सलवाद को खत्म करने में सफल रही है।



उन्होंने कहा कि इस देश से नक्सलवाद को अंतिम विदाई देने के लिए 31.03.2026 की तारीख तय की गई है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उससे पहले नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों और कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ जल्द ही अभियान चलाया जाएगा ताकि वामपंथी उग्रवाद और कश्मीर में आतंकवाद पूरी तरीके से खात्मा हो सके।

# तिरुपति मंदिर के प्रसाद में चर्बी और मछली का तेल!

अमरावती । आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को अमरावती में एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा था, श्पिछली वाई एस जगन मोहन रेड्डी सरकार ने तिरुमाला में लड्डू 'प्रसाद' बनाने के लिए घी के बजाय जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया था। ये तिरुमाला लड्डू घटिया सामग्री से बनाए गए थे। जिससे की मन्दिर की पवित्रता नष्ट हुई और लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया।

एन चंद्रबाबू नायडू के आरोपों को खारिज करते हुए वाईएसआरसीपी ने उनका मजाक बनाया था। लेकिन अब इस बात की पुष्टि हो गई है कि प्रसाद के रूप में भक्तों को दिए जाने वाले



लड्डुओं में जानवरों की चर्बी और फिश ऑयल का इस्तेमाल किया गया था। सोशल मीडिया पर जारी की गई कथित परीक्षण की रिपोर्ट के बाद अब एन चंद्रबाबू नायडू के आरोप सही साबित हुए हैं। जिसके बाद वाईएसआरसीपी चुप हो गई है। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने ये आरोप लोकसभा चुनावों के बाद 23 जुलाई को जारी हुई थी रिपोर्ट के मुताबिक किया, जिसमें की प्रसाद के लिए उपयोग होने वाले लड्डुओं के सैंपल्स को लेकर उनकी जांच की गई थी। जिससे ये पता चला कि इन लड्डुओं में जिस घी का इस्तेमाल हो रहा है, उसमें फिश ऑयल, एनिमल टैलो और लार्ड की मात्रा भी हो सकती है। आपको बता दें कि तिरुपति मन्दिर भारत के सबसे बड़े मन्दिरों में से एक है। इसकी मान्यता के चलते हर साल लगभग तीन करोड़ हिन्दू यहां दर्शन के लिए आते हैं। इन श्रद्धालुओं को प्रसाद के तौर पर लड्डू दिए जाते हैं। इस पूरी व्यवस्था को वो समिति देखती है, जो कि आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार के अंदर आती है। इस समिति का नाम तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम् है। यही समिति प्रसाद के लड्डुओं को बनाने के सभी सामग्री खरीदती है और लड्डू बनवाती है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# वन नेशन वन इलेक्शन

केंद्र सरकार द्वारा देश में एक साथ लोकसभा व विधानसभा चुनाव कराने की जो पहल शुरू की गई उसे लेकर बहस छिड़ना स्वाभाविक है। यह सच है कि देश की आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव एक साथ कराये गये थे तथा यह प्रक्रिया 1987 तक चलती रही। लेकिन इसमें सवैधानिक और व्यवहारिक समस्याएं आने के कारण विधानसभा और लोकसभा की चुनाव अलग होने लगे। 1951 में हुई पहली जनगणना के अनुसार उस समय देश की आबादी 36 करोड़ के आसपास बताई गई थी जो वर्तमान में 140 करोड़ के आस-पास पहुंच चुकी है। जो अनुमानित है क्योंकि 2021 में जनगणना नहीं हो सकी है। लेकिन एक बात साफ है कि इस बढ़ती आबादी वाले देश की स्थितियों व परिस्थितियों में अमूल चूल बदलाव बीती आधी सदी में आया है। प्रधानमंत्री से लेकर गांव प्रधान तक के चुनावो को एक साथ कराने की बात में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन जब लोकसभा के चुनाव सात सात चरणों में कराए जाते हैं और चुनावों की प्रक्रिया को पूरा करने में तीन से चार माह तक का समय लग जाता है अगर राज्यों के विधानसभाओ के चुनाव भी इसके साथ कराये जाएंगे तो इसमें कितना अधिक समय और संसाधनों की जरूर होगी? किसका अनुमान लगाया जा सकता है। वन नेशन वन इलैक्शन की व्यवस्था को शायद भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में धरातल पर उतारने में तमाम तरह की व्यवहारिक दिक्कतों का सामने आना स्वाभाविक है। अगर देश के सभी विभागों के कर्मचारियों और सशस्त्र बलों को भी चुनावी काम में जुटा दिया तब भी यह संभव नहीं लगता है और फिर महीनों तक पूरे देश के कर्मचारी व सुरक्षा कर्मी चुनाव में जुटे रहेंगे तो सरकारी कामकाज तो पूरी तरह से ठप ही हो जाएगा वही इलेक्शन कमीशन से लेकर चुनाव के जरुरी संसाधन वह भले ही वोटिंग मशीनें ही क्यों न हो उन्हें कम से कम 10 गुना बढ़ाने की जरूरत होगी। स्वीडन, जर्मनी फिलीपींस जैसे छोटे देशों में ही एक चुनाव की व्यवस्था कामयाब हो सकती है भारत जैसे बड़े देश में इसे लागू करना आसान नहीं होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण बात यह है कि वन नेशन वन इलेक्शन की इस व्यवस्था को लागू करने के लिए देश के सविधान में लगभग 18 से अधिक संविधान संशोधन करने पड़ेंगे। सविधान को लेकर जो हंगामा बीते लोकसभा चुनाव से हो रहा है उसका मुद्दा भी फिर उठ खड़ा होगा कि सरकार संविधान बदलना चाहती है। भले ही भाजपा जिसकी यह सोच 2014 से ही थी कि देश में एक चुनाव की व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन उसके द्वारा इस पर पहल करने में भी बहुत अधिक देर कर दी गई है यही कारण है कि अब कांग्रेस इसका यह कहकर विरोध कर रही है कि यह उसका एक राजनीतिक दांव है तथा वह जनता का ध्यान मुद्दो भटकाना चाहती है। जहां तक राजनीतिक दलों के समर्थन और विरोधों बात है तो इस मुद्दे पर भी वह दो खेमों में बंटे हुए हैं। एक तरफ विपक्ष के या यू कहें कि इंडिया गठबंधन के सहयोगी कुछ दल भी फैसले के साथ खड़े हैं। दरअसल मुद्दे चाहे जातीय जनगणना के हो या फिर वन नेशन एक इलेक्शन का यह अत्यंत ही उलझाऊ मुद्दे हैं, लेकिन सत्ता में बैठे लोग और विपक्ष के नेता आजकल ऐसे उलझाऊ मुद्दों के भरोसे अपनी राजनीति को आगे ले जाने में लगे हुए हैं। देश में वन नेशन वन इलैक्शन का प्रयास कितना सफल और असफल होता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। इसे लागू करने में व्यवहारिक दिक्कतों की बात तो बहुत बाद की बात है।

# युवती से छेड़छाड़ कर मोबाइल तोड़ने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। युवती के साथ छेडछाड कर उसका मोबाइल तोडने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंजारावाला निवासी युवती ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह इंदिरेश हास्पिटल से अपने कालेज की तरफ जा रही थी तभी उसका पीछा करते हुये (नवीन जखमोला पुत्र जानकी प्रसाद जखमोला ग्राम मित्रग्राम पौडी गडवाल) आया और उसने उससे बदतमीजी करी जो कि कई दिनो से उसका पीछा करता था और आज लगभग 11 बजे कालेज जाते समय इसने उसको रोका एव उसके साथ छेडछाड की और उसका मोबाइल छीन कर सडक पर पटक दिया एवं उसका पर्स एवं बैग फाड कर सडक पर फेक दिया व छेडछाड की, एवं हाथापाई की और धमकी दी अगर किसी को कहा तो उसके पूरे परिवार को जान से मार देगा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

अच्छा म इन्द्रं मतय: स्वर्विद: सध्रीचीर्विश्वा उशतीरनूषत।
परि ष्वजन्ते जनयो यथा पतिं मर्यं न शुन्ध्युं मघवानमूतये।।

(ऋग्वेद १०-४३-१)

हे ईश्वर ! मेरी सभी स्तुतियां, प्रेम और उपासना से जो परिपूर्ण हैं, आपका आलिंगन करना चाहती हैं जिस प्रकार की एक स्त्री अपने प्रिय पति का प्रेम में वशीभूत होकर आलिंगन करती है।

# कथा विरोधियों को भी अनुकूल बनाती है : स्वामी परमिंदर पुरी महाराज

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। श्रीमद् भागवत पुराण की कथा के तृतीय दिन कथा व्यास स्वामी परमिंदर जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत की कथा परिवार में दुख व कलह दूर करने के साथ साथ आपसी कटुता मिटाकर आपस में प्यार बढ़ती है व जोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवत के दिव्य श्लोक ही थे जिसे सुनकर शुकदेव जी व पिता वेदव्यास जी का मिलन हो पाया।

व्यास जी ने बताया कि चक्रवर्ती राजा परीक्षित ने शुकदेव जी से कथा सुनी तो मृत्यु के भय से शोक मुक्त होकर गोलोक की प्राप्ति की। महाभारत की संपूर्ण कथा आज सुनाई जिसमे पांडव कौरव का युद्ध , कृष्ण की गीता संदेश व दुर्योधन का अंत का प्रसंग सुनाए । भीष्म पितामह व कृष्ण का



भक्ति प्रकरण के साथ ही भीष्म का भगवान से आग्रह कि इतना तो करना स्वामी जब प्राण तन से निकले के भजन पर सभी भक्तगण भाव विभोर हो गए ।

व्यास जी ने अपने प्रवचन में कहा कि सद्मार्ग पर चलने से मनुष्य का तेज बढ़ता है। दान की महिमा का उल्लेख करते हुये उन्हेंने कहा कि कलिकाल में दान का बहुत महत्व है ।

श्री अखिल भारतीय अखाड़ा पारिषद के अध्यक्ष श्री श्री 108 महंत रविन्द्र पुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में श्री मद भागवत कथा ( पितरों के मोक्ष निमित्त) का आयोजन श्री 'अभय मठ शक्ति पीठ लक्ष्मण चौक देहरादून में किया गया है। महिलाओं भक्तों ने सुमधुर व संगीतमय भजनो पर भावविभोर होकर तालियों व नृत्य कर भरपूर आनंद्धलिया।

इस अवसर पर विनय गोयल, गोपाल सिंगल, आभा गोयल, प्रशांत शर्मा, समस्त महिला मंडलसहित सैकड़ों भक्त जन उपस्थित थे। प्रसाद भोग मित्तल परिवार तरफ से किया गया और समिति की तरह से उनका आभार प्रकट किया गया।

# धोखाधड़ी कर जमीन बेचने वाली फरार चल रही महिला सहित दो गिरफ्तार

हमारी संवाददाता

पौड़ी। धोखाधड़ी कर जमीन बेचने वाली महिला सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे।

जानकारी के अनुसार बीती 29 अप्रैल को श्रीमती लीला देवी द्वारा कोतवाली कोटद्वार में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था कि उससे मकबूल व दुर्गा देवी नाम के लोगों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर कर धोखाधड़ी से उनकी भूमि को बेच दिया गया है। मामले में पुलिस ने कदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई। जाट के दौरान पुलिस द्वारा ठोस साक्ष्यों के आधार पर सर्विलांस आदि की मदद से पतारसी-सुरागरसी कर इस अभियोग में संलिप्त और फरार आरोपी मकबूल अहमद उर्फ भुट्टो और श्रीमती दुर्गा देवी को बीती शाम कोटद्वार क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया गया है।

# प्रज्ञा दीक्षित ने आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिवस

संवाददाता

टिहरी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की पत्नी प्रज्ञा दीक्षित ने आंगनवाडी केन्द्र में बच्चों के साथ अपना जन्मदिवस मनाया।

आज यहां जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और प्रज्ञा दीक्षित (पत्नी जिलाधिकारी मयूर दीक्षित) विकास खण्ड चम्बा क्षेत्रांतर्गत रा.आ.प्रा.वि. ढुंगीधार स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे। प्रज्ञा दीक्षित ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ केक काटकर अपना जन्म दिवस मनाया। उन्होंने बच्चों को उपहार स्वरूप नोटबुक्स दी तथा उनके साथ कुछ समय बिताया। इस मौके पर प्रज्ञा दीक्षित ने किशोरियों, भोजन माता एवं अन्य महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए। इस दौरान जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र में किचन कम स्टोर, शौचालय



आदि का निरीक्षण कर पंजीकृत बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चो के पोषण आहार, चिकित्सा स्वास्थ्य, यूनिफॉर्म, साफ-सफाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र के चारों ओर साफ सफाई एवं दवा छिड़काओ करते रहे, ताकि मच्छर मक्खी और कीड़े मकोड़े न पनपे। इस मौके पर सभी उपस्थितों ने प्रज्ञा दीक्षित को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ जीवन और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर जिला बाल विकास अधिकारी संजय गौरव, संख्यांकी सहायक पूनम नकोटी सहित गीता डबराल, विजय जोशी, रविंद्र खाती, मोर सिंह, कर्ण सिंह आदि अन्य उपस्थित रहे।

# डोर टू डोर कूड़ा उठाने के शुल्क बढ़ोत्तरी को कम करने की मांग

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। नगर निगम द्वारा डोर टू डोर कूडा उठाने के शुल्क में बढ़ोत्तरी किये जाने के विरोध में कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने उप नगर आयुक्त से मिलकर शुल्क को कम किये जाने की मांग की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि शुल्क को कम नही किया गया तो आंदोलन किया जायेगा।

यहां पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उप नगर आयुक्त से मुलाकात की और कहा कि नगर निगम द्वारा डोर टू डोर कूडा उठाने का अत्यधिक शुल्क लिया जा रहा है जिसे कम किये जाने की आवश्यकता है। ज्ञापन में कहा गया कि उस नीति के अंतर्गत कमर्शियल एवं घरेलू चार्ज अलग अलग दर से दर्शाये गये है और उसी दर से नगर निगम क्षेत्र



में कूडा उठाने का चार्ज लिया जाये।

ज्ञापन में कहा गया कि पांच सौ रूपये का नगर निगम ने डोर टू डोर कूडा उठाने का चार्ज ले रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार को भी जनहित में इस पर निर्णय लेना चाहिए और शुल्क को कम करना चाहिए।

इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा है कि जनहित में राज्य सरकार एवं नगर निगम को डोर टू डोर कूडा उठाने का शुल्क कम करना चाहिए नहीं तो इसका पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डेंगू के चलते हुए राजधानी में व्यापक स्तर पर फॉगिंग कराई जाये।

इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा, पूर्व पार्षद अनूप कपूर, निखिल कुमार, सोमप्रकाश वाल्मीकि, ओम प्रकाश, राकेश पंवार, राम कपूर, अजीत सिंह, राजेंद्र सिंह घई, मसरूर, आमिर खान, संजीव कोचर, सोनू पटेल, रजत कुमार, चमन लाल, शकील अहमद, संजय बाधवा, अजय वाधवा, अनुपम गुलाटी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पपीता खाने के ये फायदे



स्वाद में मीठा, ताज़ा पपीता आपको सालभर बाजार में मिल जाएगा। पपीते में काले रंग के सैकड़ों संलग्न बीज होते है इसके केवल नरम भाग खाया को जाता है। आपके घर के सामने कुछ जमीन है तो आप इसका पेड़ भी लगा सकते हैं। ये एक ऐसा फल है जिसे कुछ स्थानों पर कच्चे पपीते का उपयोग सब्जी के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता है।

पपीता लेने के संभावित स्वास्थ्य लाभों में मुख्यत: पाचन में सहायता, मधुमेह रोगियों में रक्त शर्करा नियंत्रण में सुधार, रक्तचाप कम करने, और घाव भरने में सुधार, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर का खतरा कम करना इत्यादि शामिल है। आइए जाने की पपीते को अपनी दैनिक आहार योजना में जोड़ना क्यों जरूरी है:-

कोलेस्ट्रॉल कम करन में सहायक : पपीते में उच्च मात्रा में फाइबर मौजूद होता है। साथ ही ये विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भी भरपूर होता है। अपने इन्हीं गुणों के चलते ये कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में काफी असरदार है।

वजन घटाने में : एक मध्यम आकार के पपीते में 120 कैलोरी होती है। ऐसे में अगर आप वजन घटाने की बात सोच रहे हैं तो अपनी डाइट में पपीते को जरूर शामिल करें। इसमें मौजूद फाइबर्स वजन घटाने में मददगार होते हैं।

रोग प्रतिरक्षा क्षमता बढ़ाने में : रोग प्रतिरक्षा क्षमता अच्छी हो तो बीमारियां दूर रहती हैं। पपीता आपके शरीर के लिए आवश्यक विटामिन सी की मांग को पूरा करता है। ऐसे में अगर आप हर रोज कुछ मात्रा में पपीता खाते हैं तो आपके बीमार होने की आशंका कम हो जाएगी।

पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द में : जिन महिलाओं को पीरियड्स के दौरान दर्द की शिकायत होती है उन्हें पपीते का सेवन करना चाहिए। पपीते के सेवन से एक ओर जहां पीरियड साइकिल नियमित रहता है वहीं दर्द में भी आराम मिलता है।

आंखों के लिए अच्छा : पपीते में विटामिन सी तो भरपूर होता ही है साथ ही विटामिन ए भी पर्याप्त मात्रा में होता है। विटामिन ए आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ ही बढ़ती उम्र से जुड़ी कई समस्याओं के समाधान में भी कारगर है।

## हाथ से बर्तन धुलते समय ध्यान रखें ये बातें

इन दिनों बर्तन धुलना एक ट्रेंड बन गया है, डिशवॉश लिच्डि के विज्ञापनों ने बर्तन धुलने के कामों को एक ग्लोबल इमेज दे दी है। अब लोगों को खुद से घर के बर्तन धुलना कोई गंदा काम नहीं लगता है।

वैसे अब बर्तन धुलना उतना कठिन काम रह नहीं गया है जितना पहले समय में होता था। अगर आप रेगुलर बर्तन धोती हैं या थोड़े समय बाद कहीं सेटल होने वाली हैं, जहां धोना पड़ सकता है, तो कई बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है। बर्तनों को धुलने से पहले एक स्क्रबर से साफ कर दें, ताकि सारी जूठन निकल जाएं।

बर्तनों को धुलने के बाद उन्हें ऐसे रखें कि वो सूख सकें, वरना उनमें बदबू आने लगती है। बर्तनों को रैक में पोंछकर ही लगाएं। ऐसी ही कई और बातों को बर्तन धुलते समय ध्यान में रखना चाहिए, जो कि निम्न प्रकार हैं:

बर्तन एक जगह इक्ट्ठा कर लें- बर्तनें को धुलने से पहले एक जगह इक्टट्ठा कर लें। बार-बार भागे नहीं। बाकी सारी सामग्री जैसे- साबुन, स्क्रबर और तौलिया को भी रख लें। नाजुक बर्तन पहले धुलें- भारी या बड़े बर्तनों को धुलने से पहले हल्के या क्रॉकरी वाले बर्तन पहले धुलें। वरना उनके टूटने का डर बना रहता है। चम्मचें, कांटे और छुरियां भी पहले धुल लें।

चिकने बर्तन भिगो दें- बर्तनों को धुलने से पहले चिपकने बर्तनों को एक जगह रख कर उनमें गर्म पानी और साबुन डाल दें, ताकि उनकी चिकनाई छूट जाएं और उन्हें धुलने में ज्यादा मशक्कत न करनी पड़े। बर्तन धुलना- बर्तनों को मांजने के बाद उन्हें छोटे से लेकर बड़े के क्रम में धुलना शुरू करें। इससे पानी की खपत कम होगी और वो अच्छे से साफ भी हो जाएंगे।

बर्तनों को सुखाना- बर्तनों को धुलने के बाद एक साथ घुसाकर न रखें बल्कि डलिया आदि में अलग-अलग रखें। बाद में उन्हें तौलिया से पोंछकर सूखने रख दें। अगर बर्तन अच्छी तरह नहीं सूखते हैं तो पेट में संक्रमण होने की संभावना रहती है।

# सिर्फ मनोरंजन का जरिया नहीं है डांस, सेहत को इससे मिलते हैं ढेरों फायदे



जब भी कभी कोई पार्टी होती है, खुशी का मौका होता है या फैमिली फंक्शन होता है तो हम बहुत खुश होकर डांस करते हैं। लेकिन डांस सिर्फ आपके मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि ये एक बेहतरीन एक्सरसाइज है। इससे आपके शरीर और दिमाग दोनों को तमाम फायदे मिलते हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो आधे घंटे का डांस करने से आप 10,000 क़दम चलने जितनी कैलोरी बर्न कर सकते हैं। डांस करने से शरीर के करीब करीब हर अंग की एक्सरसाइज हो जाती है। वहीं ये दिमाग के लिए एक थैरेपी का काम मरकता है। इससे मूड बेहतर होता है, तनाव दूर होता है और मन शांत होता है। यहां जानिए डांस से मिलने वाले तमाम फायदों के बारे में।

वजन कम करता

अगर आप अपना वजन कम करना चाहती हैं या शरीर को सुडौल और फिट बनाना चाहते हैं, तो डांस इसके लिए बेहतरीन माध्यम है। डांस तेजी से आपकी कैलोरी को बर्न करता है और आपकी बॉडी टोन्ड करके आपका फिगर बेहतर करता है।

मांसपेशियां मजबूत होतीं

डांस करने से आपकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं और शरीर में लचीलापन आता है। इससे शरीर के किसी भी भाग में जकड़न की परेशानी नहीं होती।

आंखों, सांस और जोड़ों के लिए लाभकारी है क्लासिकल डांस



डांस करने के दौरान कई तरह की मुद्राएं बनती हैं। खासकर कथक, भरतनाट्यम आदि शास्त्रीय नृत्य में तो सांस को देर तक रोकना, छोड़ना, लंबी सांस लेने जैसे कई स्टेप होते हैं, वहीं आंखों को क्लॉक वाइज और एंटी क्लॉक वाइज घुमाया जाता है। ये स्टेप व्यायाम का काम करते हैं। इससे सांस के रोगों और आंखों की समस्याएं दूर होती हैं। वहीं पैर लगातार रिदम के हिसाब से चलते हैं। इससे जोड़ों में दर्द की समस्या नहीं होती और पैरों में टेढ़ापन नहीं आता।

डिप्रेशन आसपास भी नहीं भटकता

जो व्यक्ति डांस का शौकीन होता है, डिप्रेशन उसके आसपास भी नहीं भटकता है। डांस से व्यक्ति का मनोरंजन होता है, जिससे उसके जीवन में अकेलापन दूर होता है। व्यक्ति खुश रहता है जिसके कारण उसे डिप्रेशन और तनाव से मुक्ति मिलती है।

बीपी की समस्या भी होती दूर

तनाव को हाई बीपी का जिम्मेदार माना जाता है। लेकिन डांस आपके तनाव को दूर करता है, ऐसे में हाई बीपी की समस्या से बचाव होता है। वहीं कोलेस्ट्रॉल कम होता है और दिल की सेहत दुरुस्त रहती है।

# स्ट्रॉबेरी का अधिक सेवन स्वास्थ्य को पहुंचा सकता है नुकसान



स्वास्थ्य के लिए स्ट्रॉबेरी का सेवन काफी फायदेमंद माना जाता है क्योंकि यह शरीर को कई जरूरी पोषक तत्व प्रदान करने में मदद सहायक है। हालांकि, ये फायदे आपको तभी मिल सकते हैं, जब आप सीमित मात्रा में इसका सेवन करें क्योंकि इसका अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए मुसीबत बन सकता है। आइए जानते हैं कि स्ट्रॉबेरी का अधिक सेवन करने से शरीर कौन-कौन सी समस्याओं की चपेट में आ सकता है।

स्किन एलर्जी की बढ़ जाती है संभावना

स्ट्रॉबेरी में हिस्टामिन नामक तत्व मौजूद होता हैं, जिसका इस्तेमाल स्किन केयर प्रोडक्ट्स को बनाने के लिए किया जाता है। हालांकि, यह तत्व हर प्रकार की त्वचा पर सूट करें, ऐसा जरूरी नहीं है। अगर किसी को इस तत्व से एलर्जी है तो स्ट्रॉबेरी का अधिक सेवन करने से उसकी त्वचा पर रैशेज और जलन जैसी परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे लोगों के लिए सीमित मात्रा में स्ट्रॉबेरी का सेवन करना बहुत जरूरी है।

पेट से जुड़ी समस्याएं

स्ट्रॉबेरी या फिर इससे बने व्यंजनों का अधिक सेवन करने से आपको पेट से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि ज्यादा स्ट्रॉबेरी खाने से एसिडिटी, मतली, उल्टी और पेट में दर्द जैसी कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए सीमित मात्रा में ही स्ट्रॉबेरी का सेवन करें। बेहतर होगा कि आप दिन में ज्यादा से ज्यादा चार से पांच स्ट्रॉबेरी का ही सेवन करें क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान नहीं होगा।

किडनी हो सकती है प्रभावित

किडनी शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो खून को साफ करके शरीर से जहरीले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करती है। हालांकि, जब आप जरूरत से ज्यादा स्ट्रॉबेरी का सेवन करते हैं तो इससे आपकी किडनी पर बहुत अधिक दबाव पड़ता है, जिसके कारण किडनी अपना काम सही ढंग से नहीं कर पाती है और किडनी से जुड़ी समस्याएं हो जाती हैं। अगर आप ऐसा कुछ नहीं चाहते तो सीमित मात्रा में स्ट्रॉबेरी खाएं।

लो ब्लड प्रेशर का बन सकता है कारण

अगर आपको लो ब्लड प्रेशर यानी निम्न रक्तचाप की समस्या रहती है तो ऐसे में आपको भूल से भी स्ट्रॉबेरी का अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, जरूरत से ज्यादा स्ट्रॉबेरी का सेवन करने से आपका ब्लड प्रेशर और भी ज्यादा कम हो सकता है। इसलिए अगर आपको पहले से ही लो ब्लड प्रेशर की समस्या है तो स्ट्रॉबेरी का सेवन करना आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है और आपको कई गंभीर परेशानियां हो सकती हैं।

# आलिया भट्ट की जिगरा के रिलीज डेट का एलान

बॉलीवुड की गंगूबाई मौजूद साल में अपनी इकलौती फिल्म जिगरा से आ रही हैं। फिल्म में आलिया भट्ट के जिम्मेदार बहन का रोल प्ले करने जा रही हैं। सुहाना खान की डेब्यू फिल्म द आर्चीज में नजर आए एक्टर वेदांग रैना फिल्म में आलिया भट्ट के भाई का रोल प्ले करेंगे। फिल्म का टीजर और कई पोस्टर पहले ही रिलीज हो चुके हैं और अब आलिया भट्ट ने जिगरा के टीजर-ट्रेलर की डेट का एलान किया है। इसी के साथ फिल्म से आलिया भट्ट के पोस्टर भी सामने आए हैं। आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर फिल्म से पोस्टर शेयर कर लिखा है, दम है।।।सत्य में दम है। जिगरा टीजर ट्रेलर 8 सितंबर को रिलीज होगा। पोस्टर की बात करें तो इसमें आलिया भट्ट के अंदाज से लग रहा है कि फिल्म में दमदार एक्शन भी देखने को मिल सकता है। पोस्टर में आलिया भट्ट स्ट्राइप शर्ट पहने इंटेंस लुक दे रही हैं, और पीछे एक विशाल ड्रैगन दिख रहा है, ड्रैगन के बड़े और नुकीलें दात हैं, इस पोस्ट को देखकर लगता है कि आलिया फिल्म में बड़ी मशक्कत करने वाली हैं, पोस्टर से प्रतीत होता है कि यह इसमें बड़ा सस्पेंस दिखने वाला है। बता दें, वासन बाला ने इस फिल्म जिगरा को डायरेक्ट किया है। वहीं, करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले फिल्म बनी है, जिसके सह-निर्माता एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस है। फिल्ण आगामी 11 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर रिलीज होने जा रही है। वहीं, इससे एक दिन पहले साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की एक्शन-कॉमेडी फिल्म वेट्टैयन रिलीज होने जा रही है। तमिल सुपरस्टार सूर्या की फिल्म पीरियड ड्रामा फिल्म जिगरा भी इस दिन रिलीज होने जा रही है, लेकिन अटकलों की मानें तो फिल्म की रिलीज डेट बदल चुकी है।

# देवरा- पार्ट-1 में जूनियर एनटीआर का दमदार एक्शन देखने को मिलेगा

कोरतल्ला शिवा के निर्देशन में बनी फिल्म देवरा- पार्ट-1 में जूनियर एनटीआर का दमदार एक्शन देखने को मिलेगा। जूनियर एनटीआर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से नया पोस्टर जारी किया है। इसके साथ लिखा है, आप सभी को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। साथ ही बताया है कि फिल्म का ट्रेलर 10 सितंबर 2024 को जारी होगा। फिलहाल नए पोस्टर पर यूजर्स की देखने लायक प्रतिक्रिया है। कमेंट देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म के प्रति दर्शक किस कदर क्रेजी हैं। कहा जा रहा है कि देवरा- पार्ट 1 के ट्रेलर में बड़े पैमाने में ड्रामा और एक्शन का एक रोमांचक मिश्रण देखने को मिल सकता है। इस फिल्म में सैफ अली खान खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, जान्हवी कपूर भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। इस फिल्म से जान्हवी साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। इस फिल्म को दो भागों में बनाने की तैयारी है। इस फिल्म के दूसरे भाग की शूटिंग 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। कहा जा रहा है कि वॉर 2 और प्रशांत नील की अगली फिल्म को खत्म करने के बाद जूनियर एनटीआर देवरा पार्ट- 2 की शूटिंग शुरू करेंगे।

# वीडी 12 में किस भूमिका में दिखेंगे विजय देवरकोंडा? जानकर फैंस हो जाएंगे खुश


विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी फिल्म वीडी 12 (अस्थाई नाम) को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं। फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता इन दिनों तेजी से फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही उनकी इस फिल्म की शूटिंग पूरी होने वाली है। इस बीच वीडी 12 को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में विजय पुलिस कॉन्स्टेबल की भूमिका निभाते हुए नजर आने वाले हैं। पिछले काफी समय से यह चर्चा थी कि फिल्म में उन्हें पुलिसवाले के रूप में दिखाया जा सकता है। रिपोर्ट्स के दावों के बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित इस वजह से हैं, क्योंकि यह पहला मौका है जब विजय पुलिस की वर्दी में नजर आएंगे। फिल्म का पहला लुक हाल ही में जारी किया गया था, जिसने फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है। विजय इन दिनों करियर के मुश्किल भरे दौर से गुजर रहे हैं। इस समय उन्हें एक हिट फिल्म की सख्त जरूरत है। इस फिल्म से अभिनेता को काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में विजय द फैमिली स्टार नाम की फिल्म में नजर आए थे। फिल्म में उनके साथ मृणाल ठाकुर भी थीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म कमाल नहीं दिखा सकी थी। टिकट खिड़की पर इस फिल्म ने महज 22 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# आपकी नाक बताती है सेहत का हाल, गंभीर बीमारियों का देती हैं संकेत



नाक का काम यूं तो स्मेल करना, सांस लेना, सांस छोड़ना है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि छोटी सी नाक हमें कई तरह के संकेत देती है, जिन्हें हमें नजर अंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि नाक में कई ऐसी बीमारियां छुपी होती हैं। ये आगे जाकर कई गंभीर रोगों को जन्म दे सकती हैं। ऐसे में अगर आपकी नाक पर इनमें से कुछ भी चीजें नजर आती है, तो आपको सतर्क हो जाना चाहिए और अपना टेस्ट करना चाहिए, क्योंकि यह गंभीर बीमारियों की ओर इशारा करता है।

**एक्ने वुल्गैरिस**

एक्ने वुल्गैरिस सबसे कॉमन एक्ने प्रॉब्लम में से एक होती हैं, जो सबसे पहले नाक को ही प्रभावित करती हैं। इसमें स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं, शुरुआत में यह ब्लैकहेड्स होते हैं, उसके बाद बड़ी-बड़ी गांठ में कन्वर्ट हो जाते हैं, इससे संक्रमण, सूजन और यहां तक की मवाद भी भर जाता है, जिससे त्वचा में घाव हो सकते हैं।

**एक्ने रोसैसिया**

एक्ने रोसैसिया एक सूजन वाली स्किन डिजीज है, जिसमें त्वचा पर लाल रंग के उभार बन जाते हैं। इससे राइनोफिमा भी हो सकता है, यह वह स्थित है जब नाक की स्किन बढ़ने लगती है और मोटी हो जाती है और इसमें बहुत ज्यादा दर्द होता है।

**सारकॉइडोसिस**

सारकॉइडोसिस को भेड़िया की नाक के रूप में भी जाना जाता है। इसमें नाक में सूजन वाली बीमारी हो जाती है और यह फेफड़ों और लिम्फ नोड्स सहित शरीर के किसी भी ऊतक को प्रभावित कर सकती है। इस स्थिति में नाक, कान, उंगलियों, पैरों की उंगली पर नीले और बैगनी रंग के धब्बे नजर आने लगते हैं। नाक पर सारकॉइडोसिस को ल्यूपस पेर्नियो कहा जाता है।

**ट्राइजेमिनल ट्रॉफिक सिंड्रोम**

ट्राइजेमिनल ट्रॉफिक सिंड्रोम यानी कि टीटीएस एक ऐसी बीमारी है, जो ट्राइजेमिनल तंत्रिका को नुकसान पहुंचा सकती है। इसमें नाक के आसपास अल्सर हो सकते हैं, जो बिना सूजन के होते हैं। इसके अलावा एनेस्थीसिया और पैरेस्थीसिया जैसे लक्षण भी नजर आते हैं।

# अक्षय कुमार ने किया हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला का एलान

अक्षय कुमार ने अपनी नई हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल बंगला का एलान किया है।

इसी के साथ फिल्म भूत बंगला का एक मजेदार पोस्टर भी सामने आया है। भूत बंगला को प्रियदर्शन बनाने जा रहे हैं। इस जोड़ी ने पहले फिल्म भूल भुलैया से धमाका मचा दिया था।

फिल्म भूत बंगला से सामने आया अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक बड़ा ही मजेदार है। इसमें अक्षय कुमार के कंधे पर काली बिल्ली बैठी हुई है और अक्षय कुमार कटोरी में पड़े दूध पर अपनी लार टपका रहे हैं। अक्षय कुमार ने अपने बर्थडे पर फिल्म भूत बंगला का एलान कर लिखा है, जन्मदिन पर आपके प्यार के लिए धन्यवाद, साल दर साल, इस साल भूत बंगला के फर्स्ट लुक का सेलिब्रेशन मना रहा हूं, 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ दोबारा काम करने के उतावलेपन को मैं जाहिर नहीं कर सकता हूं, यह ड्रीम कोलेब्रेशन लंबे समय बाद लौटा है, आप लोगों के साथ यह सफर शेयर करने से खुद को नहीं रोक पाया हूं। जादू के लिए हमसे जुड़े रहिए।

बता दें, अक्षय कुमार और प्रियदर्शन ने साल 2007 में फिल्म हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया से धमाका किया था। अक्षय कुमार के फिल्मी करियर में भूल भुलैया बड़ी हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। इस फिल्म से अक्षय कुमार को साल 2007 का बेस्ट एक्टर का अवार्ड भी मिला था। अब देखना होगा कि 14 साल बाद यह जोड़ी कैसे अपने दर्शकों को एंटरटेन करती है।

बता दें, भूत बंगला को बालाजी टेलीफिल्म्स और कैप ऑफ गुड्स फिल्म्स मिलकर बना रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर एकता कपूर और शोभा कपूर हैं। फिल्म साल 2025 में रिलीज होगी, लेकिन अभी इसकी रिलीज डेट और बाकी स्टारकास्ट का एलान नहीं किया गया है।

## शब्द सामर्थ्य · 72


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 71 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |



## अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव

अमेजन् एमजीएम स्टूडियो, एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी ने अपनी नई हिंदी फिल्म सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। महाराष्ट्र के छोटे से शहर मालेगांव में सेट की गई, यह फिल्म नासिर शेख की रीयल लाइफ स्टोरी है और यह दमदार होने के साथ उत्साहित करने वाली कहानी पेश करने गारंटी देती नजर आ रही है। सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव को एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी ने प्रोड्यूस किया है, जिसके रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कागती प्रोड्यूसर हैं। इसे रीमा कागती ने डायरेक्ट किया है और वरुण ग्रोवर ने इसकी स्क्रिप्ट लिखी है। फिल्म में आदर्श गौरव, विनीत कुमार सिंह और शशांक अरोड़ा लीड रोल में हैं।

ट्रेलर मजेदार और दिल को छू लेने वाले पलों से भरा है, जो आपको मालेगांव में रहने वाले नासिर और उसके अनोखे दोस्तों के ग्रुप की जिंदगी से रूबरू कराता है। इस छोटे से शहर में सपने बड़े हैं, दिल खुशी से भरे हुए हैं और सब कुछ मुमकिन लगता है। जैसा कि आप देखेंगे, आप सोचेंगे कि क्या नासिर का बड़ा प्रोजेक्ट उसके सपनों को साकार कर पाएगा और उसके आसपास के लोगों के जीवन में बदलाव ला पाएगा। सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव दोस्ती, फिल्म मेकिंग और कभी हार न मानने का जश्न मनाता है, यह उन लोगों की क्रिएटिविटी और कड़ी मेहनत को दिखाती है, जो बड़े सपने देखते हैं और अपने सपने को हकीकत बनाने के लिए मुश्किलों को पार करते हैं।

सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का वर्ल्ड प्रीमियर 13 सितंबर को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा। इसे 10 अक्टूबर को बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया जाएगा। यह फिल्म जनवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उसके बाद, यह भारत में प्राइम वीडियो और दुनिया भर के 240 देशों और क्षेत्रों में स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।

## जूनियर एनटीआर की देवरा पार्ट 1 के ट्रेलर ने मचाया गर्दा

देवरा पार्ट 1 इस साल की सबसे प्रतीक्षित तेलुगू फिल्मों में से एक है। कोरतला शिवा की निर्देशित इस फिल्म में जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान अहम भूमिकाओं में हैं। मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर 5 भाषाओं में लॉन्च किया। एक्शन से भरपूर ट्रेलर को दर्शकों और फैंस से बेहतरीन रिस्पॉन्स मिला है। ट्रेलर ने मात्र एक घंटे में 10 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार किया है।

मेकर्स ने हाल ही में देवरा पार्ट 1 के ट्रेलर के व्यूज के बारे में अपडेट साझा किया है। मेकर्स इंस्टाग्राम के जरिए जानकारी साझा की है कि देवरा पार्ट 1 के ट्रेलर को 10 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले हैं। मेकर्स ने देवरा का ट्रेलर पांच भाषाओं में हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम लॉन्च किया गया है। ट्रेलर का लॉन्च इवेंट मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान, जाह्नवी कपूर समेत फिल्म मेकर्स शामिल हुए।

देवरा के ट्रेलर लॉन्च से जूनियर एनटीआर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह फिल्म के बारे में जानकारी साझा करते दिख रहे हैं। जब एक्टर से पूछा गया कि क्या वह किसी एक मुख्य भाग का खुलासा करना चाहेंगे, तो आरआरआर सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने कहा कि वह किसी एक स्टंट या सीक्वेंस का जिक्र नहीं कर सकते, लेकिन उन्होंने वादा किया कि देवरा पार्ट 1 के आखिरी 30-40 मिनट रॉकिंग है। उन्होंने कहा, मैं इसका वेट नहीं कर सकता। उन्हें शार्क स्टंट के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें शॉर्क स्टंट शॉट की शूटिंग से नफरत थी। इस सीन को सही तरीके से शूट करने में पूरा दिन लग गया था।

ट्रेलर लॉन्च के मौके पर एनटीआर ने माना कि वह देवरा की रिलीज को लेकर काफी नर्वस हैं, क्योंकि यह लगभग सालों बाद उनकी सोलो फिल्म रिलीज होने जा रही है इससे पहले वह आरआरआर, जो ब्लॉकबस्टर रही, में राम चरण के साथ नजर आए थे।

जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान के अलावा, फिल्म में प्रकाश राज, श्रीकांत और शाइन टॉम चाको भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है, जिसका पहला भाग 27 सितंबर को आएगा।

# मोनालिसा ने क्रॉप टॉप पहने हुए शेयर किया बेहद क्यूट लुक



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

हाल ही में उन्होंने अपने बेडरूम फोटोशूट की बेहद शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका लेटेस्ट लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

येलो कलर और रेड कलर का शॉर्ट्स साथ ही येलो टी-शर्ट पहनकर एक्ट्रेस मोनालिसा ने बेहद ही क्लासी फोटोशूट करवाया है।

नो मेकअप लुक और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

इन तस्वीरों में उनका क्यूट लुक देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। साथ ही लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थक रहे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक क्यूट पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

# भोजपुरी अदाकारा नीलम गिरी ने देसी अवतार में बिखेरा जलवा



भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी अपनी अदाओं से लाखों फैंस के दिलों पर राज करती हैं। फैंस न सिर्फ एक्ट्रेस के एक्सप्रेशन्स के दीवाने हैं, बल्कि एक्ट्रेस का डांस भी उनके बेहद पसंद है।

भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अदाकारा नीलम गिरी ने अपने लेटेस्ट वीडियो में एक बार फिर से फैंस का दिल जीत लिया है. इस वीडियो में नीलम देसी अवतार में नजर आ रही हैं और उनकी हॉटनेस ने फैंस को लट्टू बना दिया है. वीडियो में नीलम ने ब्लैक प्रिंटेड साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहना हुआ है. उन्होंने अपने बालों में गजरा लगाया हुआ है और लाइट मेकअप के साथ माथे पर बिंदी लगाई हुई है. नीलम इस देसी अवतार में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और उनके एक-एक अंदाज पर फैंस फिदा हो रहे हैं.

वीडियो में नीलम एक भोजपुरी गाने पर क्यूट अदाएं दिखा रही हैं. उनका ये अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. फैंस नीलम की इस वीडियो को खूब शेयर कर रहे हैं और कमेंट्स में उनकी तारीफ कर रहे हैं. नीलम गिरी भोजपुरी सिनेमा की एक जानी-मानी अदाकारा हैं. उन्होंने कई हिट भोजपुरी फिल्में दी हैं और अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है.

ये पहली बार नहीं है, जब एक्ट्रेस ने कोई वीडियो शेयर किया हो। पहले भी नीलम कई बार अपनी अदाओं से फैंस को पागल कर चुकी हैं। इससे पहले नीलम पिंक कलर के सूट में नजर आई थीं। एथनिक वेयर में एक्ट्रेस ने कहर ढाया था। देसी अवतार में नीलम को फैंस काफी पसंद भी करते हैं।

# इंडिया गठबंधन के हर दल को ध्यान रखना होगा

विनीत नारायण

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के पिछले कुछ अनुभव अच्छे नहीं रहे। इसलिए और भी सावधानी बरतनी होगी। क्योंकि अखिलेश यादव में इतना बड़प्पन है कि वे अपनी कटु आलोचक बुआजी बहन मायावती से भी संबंध सुधारने में सद्भावना से पहल कर रहे हैं। यही नीति ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, शरद पवार व लालू यादव आदि को भी अपनानी होगी। तभी ये सब दल भारतीय लोकतंत्र को मज़बूत बना पायेंगे।

जून 2०24 के चुनाव परिणामों के बाद राहुल गांधी का ग्राफ़ काफ़ी बढ़ गया है। बेशक इसके लिए उन्होंने लम्बा संघर्ष किया और भारत के आधुनिक इतिहास में शायद सबसे लम्बी पदयात्रा की। जिसके दौरान उन्हें देशवासियों का हाल जानने और उन्हें समझने का अच्छा मौक़ा मिला। इस सबका परिणाम यह है कि वे संसद में आक्रामक तेवर अपनाए हुए हैं और तथ्यों के साथ सरकार को घेरते रहते हैं। किसी भी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए पक्ष और विपक्ष दोनों का मज़बूत होना ज़रूरी होता है। इसी से सत्ता का संतुलन बना रहता है और सत्ताधीशों की जनता के प्रति जवाबदेही संभव होती है। अन्यथा किसी भी लोकतंत्र को अधिनायकवाद में बदलने में देर नहीं लगती।

आज राहुल गांधी विपक्ष के नेता भी हैं। जो कि भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के अन्तर्गत एक अत्यंत महत्वपूर्ण पद है। जिसकी बात को सरकार हल्के में नहीं ले सकती। इंग्लैंड, जहां से हमने अपने मौजूदा लोकतंत्र का काफ़ी हिस्सा अपनाया है, वहाँ तो विपक्ष के नेता को %शैडो प्राइम मिनिस्टर' के रूप में देखा जाता है। उसकी अपनी समानांतर कैबिनेट भी होती है, जो सरकार की नीतियों पर कड़ी नज़र रखती है। ये एक अच्छा मॉडल है जिसे अपने सहयोगी दलों के योग्य नेताओं को साथ लेकर राहुल गांधी को भी अपनाना चाहिए। आपसी सहयोग और समझदारी बढ़ाने के लिए, ये एक अच्छी पहल हो सकती है।

राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाने में %इंडिया गठबंधन' के सभी सहयोगी दलों, विशेषकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बहुत बड़ी भूमिका रही है। उत्तर प्रदेश से 37 लोक सभा सीट जीत कर अखिलेश यादव ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनने का आधार प्रदान किया। आज समाजवादी पार्टी भारत की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। ऐसे में अब राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का ये नैतिक दायित्व है कि वे भी अखिलेश यादव जैसी उदारता दिखाएं जिसके कारण कांग्रेस को रायबरेली और अमेठी जैसी प्रतिष्ठा की सीटें जीतने का मौक़ा मिला। वरना उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन और जनाधार के मामले में बहुत पीछे जा चुकी थी। अब महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव हैं, जहां कांग्रेस सबसे बड़े दल की भूमिका में हैं। वहाँ उसे समाजवादी पार्टी को साथ लेकर चलना चाहिए और दोनों राज्यों के चुनावों में समाजवादी पार्टी को भी कुछ सीटों पर चुनाव लड़वाना चाहिए। महाराष्ट्र में तो समाजवादी पार्टी के दो विधायक अभी भी थे। हरियाणा में भी अगर कांग्रेस के सहयोग से उसके दो-तीन विधायक बन जाते हैं तो अखिलेश यादव को अपने दल को राष्ट्रीय दल बनाने का आधार मिलेगा। इससे दोनों के रिश्ते प्रगाढ़ होंगे और %इंडिया गठबंधन' भी मज़बूत होंगे।



स्वाभाविक सी बात है कि कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं को इस रिश्ते से तक़लीफ़ होगी। क्योंकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का उत्तर प्रदेश में वोट बैंक एक सा है। ये नेता पुराने ढर्रे पर चलकर समाजवादी पार्टी के जनाधार पर निगाह गढ़ाएँगे। पर ऐसी हरकत से दोनों दलों के आपसी संबंध बिगड़ेंगे और बहुत दूर तक साथ चलना मुश्किल होगा। इसलिए %इंडिया गठबंधन' के हर दल को ये ध्यान रखना होगा कि जिस राज्य में जिस दल का वर्चस्व है वो वहाँ नेतृत्व संभले पर, साथ ही अपने सहयोगी दलों को भी साथ खड़ा रखे।

विशेषकर उन दलों को जिनका उन राज्यों में कुछ जनाधार है। इससे गठबंधन के हर सदस्य दल को लाभ होगा। राहुल गांधी को ये सुनिश्चित करना होगा कि उनके सहयोगी दल %इंडिया गठबंधन' में अपने को उपेक्षित महसूस न करें। इंडिया गठबंधन में राहुल गांधी के बाद सबसे बड़ा क़द अखिलेश यादव का है। अखिलेश की शालीनता और उदारता का उनके विरोधी दलों के नेता भी सम्मान करते हैं। ऐसे में अखिलेश यादव को पूरा महत्व देकर राहुल गांधी अपनी ही नींव मज़बूत करेंगे।

हालाँकि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के पिछले कुछ अनुभव अच्छे नहीं रहे। इसलिए और भी सावधानी बरतनी होगी। क्योंकि अखिलेश यादव में इतना बड़प्पन है कि वे अपनी कटु आलोचक बुआजी बहन मायावती से भी संबंध सुधारने में सद्भावना से पहल कर रहे हैं। यही नीति ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, शरद पवार व लालू यादव आदि को भी अपनानी होगी। तभी ये सब दल भारतीय लोकतंत्र को मज़बूत बना पायेंगे।

यही बात भाजपा पर भी लागू होती है। %सबका साथ-सबका विकास' का नारा देकर भाजपा क्षेत्रीय दलों के साथ एनडीए गठबंधन चला रही है। पर भाजपा का पिछले दस वर्षों का ये इतिहास रहा है कि उसने प्रांतों की सरकार बनाने में जिन छोटे दलों का सहयोग लिया, कुछ समय बाद उन्हीं दलों को तोडने् का काम भी किया। इससे उसकी नीयत पर इन दलों को संदेह बना रहता है। पिछले दो लोक सभा चुनावों में भाजपा अपने बूते पर केंद्र में सरकार बना पाई। पर 2०24 के चुनाव परिणामों ने उसे मिलीजुली सरकार बनाने पर मजबूर कर दिया।

पर अब फिर वही संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा का नेतृत्व, तेलगुदेशम, जदयू व चिराग़ पासवान के दलों में सेंध लगाने की जुगत में हैं। अगर इस खबर में दम है तो ये भाजपा के हित में नहीं होगा। जिस तरह सर्वोच्च न्यायालय ने जाँच एजेंसियों के तौर-तरीक़ों पर लगाम कसनी शुरू की है, उससे तो यही लगता है कि डरा-धमका कर सहयोग लेने के दिन लद गए। भाजपा को अगर केंद्र में सरकार चलानी है या आगामी चुनावों में भी वो राज्यों की सरकारें बनाना चाहती है तो उसे ईमानदारी से सबका साथ-सबका विकास की नीति पर चलना होगा।

हमारे लोकतंत्र का ये दुर्भाग्य है कि जीते हुए सांसद और विधायकों की प्राय: बोली लगाकर उन्हें ख़रीद लिया जाता है। इससे मतदाता ठगा हुआ महसूस करता है और लोकतंत्र की जड़ें भी कमज़ोर होती हैं। 1967 से हरियाणा में हुए दल-बदल के बाद से %आयाराम-गयाराम' का नारा चर्चित हुआ था। अनेक राजनैतिक चिंतकों और समाज सुधारकों ने लगातार इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने की माँग की है। पर कोई भी दल इस पर रोक लगाने को तैयार नहीं है। जबकि होना यह चाहिए कि संविधान में परिवर्तन करके ऐसा क़ानून बनाया जाए कि जब कोई उम्मीदवार, लोक सभा या विधान सभा का चुनाव जीतता है तो उसे उस लोक सभा या विधान सभा के पूरे कार्यकाल तक उसी दल में बने रहना होगा जिसके चुनाव चिन्ह पर वो जीत के आया है। अगर वो दूसरे दल में जाता है तो उसे अपनी सदस्यता से इस्तीफ़ा देना होगा। तभी इस दुष्प्रवृत्ति पर रोक लगेगी। सभी दलों को अपने हित में इस विधेयक को पारित कराने के लिए एकजुट होना होगा।

## सू- दोकू क्र. 72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# अक्षय कुमार निभाएंगे भगवान शिव का किरदार



पिछले दिनों अक्षय कुमार ने 57वां जन्मदिन मनाया इस खास मौके पर उनके प्रशंसकों को एक के बाद तोहफे मिल रहे हैं। जहां एक तरफ उनकी नई फिल्म भूत बंगला का ऐलान हो गया है, वहीं अब अक्षय की पहली तेलुगु फिल्म कन्नप्पा से उनकी पहली झलक सामने आ गई है। इस फिल्म में वह भगवान शिव की भूमिका में नजर आएंगे।निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए अक्षय को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी हैं।

कन्नप्पा में विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अभिनेत्री काजल अग्रवाल भी इसमें दिखाई देंगी।मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही यह फिल्म दिसंबर, 2०24 में सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।कन्नप्पा की कहानी छठीं और आठवीं शताब्दी के दौरान भगवान शिव के एक प्रबल भक्त के इर्द-गिर्द घूमेगी। मोहन बाबू इस फिल्म के निर्माता हैं।

जारी किए गए पोस्टर में अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं, जो उनके दिव्य लेकिन शक्तिशाली व्यक्तित्व को दर्शाता है हालांकि उनका चेहरा छिपा हुआ है, पोस्टर में पवित्र रुद्राक्ष माला से सजे उनके मांसल शरीर को उजागर किया गया है, जिससे प्रशंसक इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में उनके चित्रण को और अधिक देखने के लिए उत्सुक हैं दृश्य रूप से आकर्षक पहला लुक पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है, जिससे *कन्नप्पा* को लेकर उत्साह और बढ़ गया हैअक्षय की सबसे अनूठी भूमिकाओं में से एक के रूप में, भगवान शिव का उनका अवतार फिल्म में एक प्रमुख आकर्षण होने का वादा करता है।

कन्नप्पा एक पौराणिक काल्पनिक फिल्म है, जिसका निर्देशन मुकेश कुमार ने किया है यह फिल्म कन्नप्पा नामक एक व्यक्ति की कहानी पर आधारित है, जो हिंदू भगवान शिव का कट्टर भक्त है मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित कन्नप्पा की पटकथा विष्णु मांचू ने लिखी है, जबकि कहानी का निर्माण परुचुरी गोपाल कृष्ण, ईश्वर रेड्डी, जी नागेश्वर रेड्डी और तोता प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया है फिल्म का निर्माण मोहन बाबू ने किया है।

मुख्य भूमिका में विष्णु मांचू अभिनीत, प्रभास, मोहनलाल और अक्षय कुमार विशेष कैमियो में नजर आएंगे प्रीति मुखुंधन, सरथकुमार, ब्रह्मानंदम, मधु, देवराज, ऐश्वर्या, मुकेश ऋषि और कौशल मंडा सहायक भूमिकाओं का हिस्सा हैं सिनेमैटोग्राफर शेल्डन चौ, संपादक एंथनी और संगीतकार स्टीफन देवसी और मणि शर्मा कन्नप्पा की तकनीकी टीम का हिस्सा हैं।



# राहुल गांधी पर टिप्पणी करने पर भाजपा नेताओं के खिलाफ दी तहरीर

देहरादून (सं)। राहुल गांधी पर टिप्पणी करने पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जसविन्दर सिंह गोगी ने भाजपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए शहर कोतवाली में तहरीर दी। आज यहां कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी अपने समर्थकों के साथ शहर कोतवाली पहुंचे जहां पर उन्होंने शहर कोतवाल चन्द्रभान सिंह अधिकारी को तहरीर देते दी। तहरीर में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता तरविंदर सिंह मारवाह ने भाजपा के एक कार्यक्रम में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ खुलेआम हत्या की धमकी दी। जिसमें उन्होंने कहा कि 'राहुल गांधी बाज आजा, नहीं तो आने वाले समय में तेरा भी वही हाल होगा जो तेरी दादी का हाल हुंआ।( श्रीमती इन्दिरा गांधी की तरह हत्या)। इसके साथ ही विधायक शिंदे सेना संजय गायकवाड ने भी विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रूपये का इनाम देने की सार्वजनिक घोषणा की। गोगी ने कहा कि रेल राज्य मंत्री रवनीत बिटटू ने मीडिया में सार्वजनिक रूप से बात करते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी को देश का नंबर वन एक आतंकवादी कहा। उन्होंने कहा कि विभिन्न भाजपा नेताओं और उसके सहयोगियों द्वारा जारी उपरोक्त बयान, धमकियां जिनमें राहुल गांधी हत्या और या उन्हें शारीरिक रूप से घायल करने का आहवान किया गया है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाये। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

# दो दुपहिया वाहन चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने दो स्थानों से दो दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पौधा बिधौली निवासी रजत कुमार ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से नन्दा की चौकी आया था। उसने अपनी स्कूटी एक स्थान पर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। वहीं चन्द्रबनी निवासी अमन सिंह ने अपने घर के बाहर से मोटरसाईकिल चोरी होने का मुकदमा पटेलनगर कोतवाली में दर्ज कराया। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## 1094 कनिष्ठ अभियन्ताओं को प्रदान... ◄◄ पृष्ठ 1 का शेष

उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी चयनित अभ्यर्थी बड़ी सकुशलता से जन समस्याओं का समाधान करेंगे और उत्तराखण्ड को विकसित राज्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि नये कनिष्ठ अभियंताओं के आने से प्रदेश के विकास और आवश्यकता के लिए एक कड़ी और जुड़ गई है। उन्होंने कहा कि शहरी विकास और आवास विभाग में कनिष्ठ अभियंताओं की बड़ी कमी थी। नये कनिष्ठ अभियंताओं के आने से कार्यों में तेजी आयेगी। अब विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा, एस.एन.पाण्डेय, डॉ. आर.राजेश कुमार, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, श्रीमती रंजना राजगुरू, अतर सिंह, विनीत कुमार, निदेशक शहरी विकास नितीन भदौरिया एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध शराब का गोदाम संचालित करने... ◄◄ पृष्ठ 1 का शेष

मौजूद 2 व्यक्ति पुलिस को देख कर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हे पुलिस द्वारा मौके पर पकड़ लिया गया। मकान की तलाशी में पुलिस टीम को मौके से 15 पेटी अवैध शराब मैकडोवल , शराब की अलग-अलग ब्रान्डो के उत्तराखंड के स्टीकर व उत्तराखण्ड शासन के मोनोग्राम तथा अन्य सामाग्री बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम फईम पुत्र फुरकान निवासी बुढ्डी थाना मण्डावली, जिला बिजनोर, उ.प्र., अहसान पुत्र शाबिर निवासी टीप, थाना मण्डावर, जिला बिजनोर, उ.प्र. व मोसिन पुत्र लियाकत निवासी नया गांव, थाना मण्डावली, जिला बिजनोर, उ.प्र. बताया। बताया कि उनके द्वारा साहिल नाम के व्यक्ति के लिए यह काम किया जाता है, वह सभी उक्त अवैध शराब को साहिल द्वारा बताए स्थानों पर सप्लाई करते है। साहिल द्वारा हरियाणा/ चंडीगढ़ से सस्ते दामों पर अलग-अलग ब्रान्डों की अवैध शराब को खरीदकर देहरादून लाया जाता है तथा उनके द्वारा उन शराब की बोतलों पर लगे अलग-अलग ब्रान्डों के स्टीकर व मोनोग्राम हटाकर उतराखण्ड राज्य के स्टीकर व मोनोग्राम लगाये जाते है, जिससे वे उक्त शराब को आसानी से उत्तराखंड में बेच सके। उक्त शराब को उनके द्वारा सब्जी की खाली कैरेट में रखकर यूटीलिटी के माध्यम से देहरादून व अन्य जनपदों में ऊचे दामों पर बेचा जाता है, जिससे उन्हे अच्छा मुनाफा हो जाता है।

# हिमालय और गंगा को बचाने के लिए संत समाज को आगे आना होगा: किशोर

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। भाजपा विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा है कि हिमालय और गंगा को बचाने के लिए संत समाज को आगे आना होगा। हम सभी के प्रयास से मिलजुल कर ही गंगा और हिमालय का अस्तित्व बच सकता है। राज्य और केंद्र सरकार लगातार इसके लिए प्रयासरत है एवं भिन्न-भिन्न योजनाओं के साथ लगातार कार्य कर रही है।



भूपतवाला स्थित श्री चेतन ज्योति आश्रम में प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लेशियर और हिमखंडो के पिघलने से लगातार भारत ही नहीं अपितु विश्व भर में मानवता पर खतरा मंडरा रहा है। गंगा जी का वेग निरंतर घट रहा है। अब जरूरत है कि आम जनमानस, सरकार और संत समाज को मिलजुलकर जन जागरण अभियान चलाते हुए हिमालय और गंगा की रक्षा के लिए आगे आना होगा। नवरात्रि के पहले दिन हरिद्वार में बड़े स्तर पर हिमालय और गंगा के अस्तित्व को बचाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाएगा।

श्री चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद एवं बाबा हठयोगी महाराज ने कहा कि जल्द ही संत समाज राज्य सरकार से मांग करता है कि प्रत्येक स्कूल और विद्यालयों में सरकार की ओर से जागरूकता अभियान चलाकर स्कूली बच्चों और छात्र-छात्राओं को हिमालय और पर्यावरण की रक्षा के प्रति बड़े स्तर पर जागरूक किया जाए। उन्होंने उत्तराखंड आने वाले सभी तीर्थ यात्री श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि गंगा में किसी भी प्रकार का कोई अवशिष्ट पदार्थ अथवा प्लास्टिक का विसर्जन ना करें गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। युवा भारत साधु समाज के अध्यक्ष महंत शिवम् एवं महामंत्री और स्वामी रविदेव शास्त्री ने सभी देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाएं मोक्षदायनी मां गंगा जगत की पालनहार है। मात्र सरकार के प्रयास से पर्यावरण अथवा गंगा की रक्षा नहीं हो सकती। हम सभी को उसके प्रति श्रद्धा भाव और आस्था दिखानी होगी।

इस अवसर पर मंहत सुतिक्षण मुनि, महंत रामविशाल दास, भाजपा नेता पुरुषोत्तम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, श्रवण कुमार अनिल जोशी मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़े के तहत कैबिनेट मंत्री ने झाड़ू लगाकर किया स्वच्छता में श्रमदान

संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सेवा पखवाडे के अंतर्गत सडक पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता में श्रमदान किया।




आज यहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केनाल रोड़ स्थित साकेत कॉलोनी में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और स्वच्छता में श्रमदान दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान में आज देशभर के साथ ही प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने जब से देश की सत्ता संभाली है, तब से विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ा है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी समाज के हर वर्ग की चिंता की है। उन्होंने कहा पहले पर्यावरण मित्रों को सफाई कर्मी कहा जाता था। मंत्री ने कहा कि पर्यावरण मित्र जैसे सम्मान जनक नाम प्रधानमंत्री मोदी ने दिया है।

उन्होंने कहा कि सफाई की शुरुवात अपने घर से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की स्वच्छता देश के सभी परिवारजनों की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसमें सभी की जनभागीदारी बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर दर्जाधारी देवेंद्र भसीन, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, आशीष थापा, राकेश चड्ढा, योगेश भट्ट सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# शराब के ठेके के विरोध में क्षेत्रवासियों ने किया डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता

देहरादून। राजपुर रोड पर शराब की दुकान के विरोध में क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।



आज यहां राजपुर रोड निवासी दर्जनों लोग जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष एकत्रित हुए। जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि राजपुर रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज के निकट लगभग 50 मीटर की दूरी पर इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर परिसर में 'द लीकर हब' के नाम से एक अंग्रेजी शराब की दुकान का नियम विरूद्ध संचालन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि यह दुकान पिछले लगभग तीन वर्षो से यहां पर चल रही है इसके बाएं ओर राजपुर रोड मुख्य मार्ग से पीछे स्थित रिहायशी कालोनियों के लिए सार्वजनिक रास्ता है।

लोग दुकान से शराब लेकर साथ लगे इस रास्ते में वाहन खडे करके शराब पीते रहते हैं जिससे इस रास्ते के पीछे स्थित रिहायशी कालोनियों में शाम को आने जाने वाले लोगों विशेषकर कोचिंग क्लासेज से पढाई करके आने वाली लडकियों, कामकाजी एवं अन्य महिलाओं का इस रास्ते से निकलना अत्यंत असुरक्षित है। उन्होंने मांग की है कि शीघ्र अति शीघ्र इस दुकान को बंद कराया जाये। प्रदर्शन करने वालों में सुनीता प्रकाश, प्रकाश किमोठी, संगीता किमोठी अभिनव किमोठी, विजय लक्ष्मी, इच्छित किमोठी, एसके वर्मा, अनिता वर्मा, पुष्पा रावत, डीएस रावत, वीर सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर

# गृह मंत्रालय ने सीबीआई को दी लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी


पटना । लैंड फॉर जॉब स्कैम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। गृह मंत्रालय ने सीबीआई को लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने यह जानकारी राऊज एवेन्यू कोर्ट में दी है। सीबीआई ने कहा कि इस मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ जल्द ही संशन मिल जाएगा। अभी ये प्रक्रिया जारी है। लैंड फॉर जॉब घोटाले से जुड़े सीबीआई के मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर सुनवाई टल गई है। 15 अक्टूबर को कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर सुनवाई करेगा। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि



बाकी आरोपियों के खिलाफ संक्शन मिलने में 15 दिन लगेंगे। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए गृहमंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने कहा कि अन्य आरोपियों के खिलाफ संक्शन हासिल करने की प्रक्रिया चल रही है। बाकी आरोपी अधिकारियों के खिलाफ अभी मंजूरी लंबित है। पिछली सुनवाई में सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि लालू प्रसाद यादव समेत 32 लोकसेवकों के खिलाफ मुकदम चलाने की अनुमति अभी नहीं मिली है। इससे पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 सितंबर को 'नौकरी के बदले जमीन' से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था।

# पाकिस्तानः ईशनिंदा के मामले में ईसाई महिला को मृत्युदंड

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने गुरुवार को ईशनिंदा के मामले में एक ईसाई महिला को मृत्युदंड दिया। सितंबर 2020 में व्हॉट्सऐप ग्रुप पर पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक सामग्री साझा करने की आरोपी शौगता कैरन के खिलाफ ईशनिंदा का एक मामला दर्ज किया गया था। यहां की एक विशेष




अदालत के न्यायाधीश अफजल मजूका ने सुनवाई के बाद कैरन को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295 सी के तहत दोषी पाया जिसमें मृत्युदंड का प्रावधान है। अदालत ने कैरन पर 3,00,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। इसके अलावा अदालत ने पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक क्राइम अधिनियम (पीईसीए) की धारा 11 के तहत महिला को 7 साल जेल की सजा सुनाई और 1,00,000 रुपए का जुर्माना लगाया। न्यायाधीश ने एक संक्षिप्त आदेश में कहा कि दोषी को 30 दिन के भीतर फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर करने का अधिकार है। न्यायाधीश मजूका ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले के बाद ही सजा की तामील की जाएगी। कैरन पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम धर्म के अपमान के मामले में मृत्युदंड पाने वाली दूसरी ईसाई महिला हैं।

# अमेरिका में सिखों पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ छत्तीसगढ़ में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन पर सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि हाल ही में अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने सिख समुदाय को लेकर टिप्पणी की थी, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गांधी के खिलाफ



दुर्ग जिले के कोतवाली थाने में शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। वहीं बिलासपुर के सिविल लाइंस थाने और रायपुर के सिविल लाइंस थाने में गुरुवार शाम को मामले दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की शिकायतों के आधार पर दोनों मामले दर्ज किए गए हैं। पार्टी के नेताओं द्वारा राज्य के अन्य जिलों के पुलिस थानों में भी इसी तरह की शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 और 302 (जानबूझकर किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरजीत सिंह छाबड़ा ने रायपुर के सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में कहा है कि गांधी ने टिप्पणी की है कि क्या भारत में सिखों को पगड़ी, कड़ा पहनने और गुरुद्वारा जाने की अनुमति होगी? छाबड़ा ने शिकायत में कहा कि गांधी के बयान से भारत में सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

# दंगा कराने वालों के लिए सजा का प्रावधान होता तो अच्छा थाः माहरा

विशेष संवाददाता



देहरादून। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि सरकार ने दंगों के दौरान निजी और सार्वजनिक सम्पत्तियों को होने वाले नुकसान की वसूली दंगाईयों से करने के लिए जो कानून लाया गया है कांग्रेस उसका स्वागत करती है लेकिन सरकार को दंगा कराने वालों के लिए इस कानून में सजा का प्रावधान करना चाहिए था।

उनका कहना है कि दंगा बेवजह नहीं होता है। दंगों के पीछे कुछ खास वजह भी होती है। किन परिस्थितियो के कारण दंगों की स्थिति पैदा हुई और यह परिस्थितियां किसने पैदा की? यह भी एक अहम सवाल है। उन्होने कहा कि जिस वनभूलपुरा दगें का जिक्र बार-बार किया जाता है तथा जिसके बाद सरकार द्वारा यह कानून लाया गया है। उसका मूल कारण 1943 और 1947 के पट्टों का वैध न माना जाना ही था। जिसे लेकर इस पर हिन्दू-मुस्लिम किया गया। उन्होने कहा कि यह अच्छा है कि सरकार दंगाईयों से नुकसान की वसूली करे लेकिन दंगा करने वालों के साथ दंगा कराने वालों के लिए भी सजा का प्रावधान करना चाहिए था।

उल्लेखनीय है कि सरकार के इस कानून संशोधन विधेयक पर राजभवन की मोहर लगने के बाद इसे धरातल पर उतारा जायेगा। इस कानून के तहत अब दंगाईयों से दंगा नियंत्रण पर होने वाले खर्च को दंगाईयों से ही वसूला जाने का प्रावधान किया गया है। यही नहीं दंगे में होने वाली मृत्यू पर सात लाख जुर्माना वसूला जायेगा। अगर कोई दंगाई जुर्माना नहीं चुकायेगा तो उसकी सम्पत्ति को कुर्क किया जायेगा। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का कहना है कि इसके लिए अलग से ट्रिब्यूनल बनाया जायेगा जिसमें पीड़ित पक्ष अपील कर सकेगें।

## आपदा प्रभावितों की सहायता जरूरी थी कि अपने वेतन-भत्ते बढ़ाना

उधर राजभवन द्वारा विधायकों के वेतन भत्ते बढ़ाये जाने संबंधी विधेयक को भी राजभवन से मंजूरी दे दी गयी है। जिससे उत्तराखण्ड के विधायको को अब एक लाख के आस पास अधिक वेतन मिलेगा। इस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि जब राज्य के लोग मानसूनी आपदा से जूझ रहे है ऐसे समय में सरकार में बैठे लोग अपने कल्याण पर तो ध्यान दे रहे है आपदा प्रभावितों पर उनका ध्यान नहीं है। सत्ता में बैठे लोग अपने वेतन भत्ते तो जब चाहे बढ़ा सकते थे लेकिन इस समय सरकार को लोगों की परेशानियों पर ध्यान देना चाहिए था।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म व जान मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

चमोली। नाबालिक के साथ दुष्कर्म व उसको जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीती 18 सितंबर को एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली चमोली पर आकर सूचना दी गई थीं कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 15 वर्ष के साथ



विनय पुत्र सन्तू लाल निवासी ग्राम मजोठी चमोली उम्र 20 वर्ष ने जून माह में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया है व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गयी है । तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई। भले ही आरोपी छिपने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस की तत्परता और संयम ने उसे पकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी व बीती शाम आरोपी विनय को कोठियालसैंण से गिरफ्तार किया गया। पीड़िता के बयानों के आधार पर मुकदमे में धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# सावधानः फ्लैशर लाइट्स के खिलाफ पुलिस का विशेष चेकिंग अभियान



हमारे संवाददाता

चमोली। सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा फ्लैशर लाइट लगाकर चलने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जो कि न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि अन्य वाहन चालकों के लिए भी खतरा पैदा करते हैं।

जानकारी के अनुसार बीती शाम यातायात पुलिस चमोली द्वारा फ्लैशर लाइट लगाकर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 18 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए उनके वाहनों से फ्लैशर लाइट्स को हटाया गया। बता दें कि फ्लैशर लाइट्स का उपयोग आमतौर पर आपात सेवाओं (एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड) द्वारा किया जाता है। लेकिन कई वाहन चालक इन्हें अपने वाहनों पर अवैध रूप से लगाए रखते हैं, जिससे यह भ्रम उत्पन्न होता है कि वे भी किसी विशेष स्थिति में हैं। ऐसे में, अन्य वाहन चालकों को सड़क पर निर्णय लेने में कठिनाई होती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

चमोली यातायात पुलिस ने सड़कों पर फ्लैशर लाइट्स के साथ चलने वाले वाहनों की पहचान की और उन्हें रोककर चालानी कार्रवाई की।

पुलिस का कहना है कि यह एक सतत प्रक्रिया होगी और नियमित रूप से ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान हे.का. अशुतोष नौडियाल, का. जोगेन्द्र, का. राहुल जोशी मौजूद रहे।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*